# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226007**

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

निपुण भारत

**वेब-साइट:** www.basiceducation.up.gov.in, **ई-मेल:** upefaspo@gmail.com **दूरभाष:** 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः **गुण0वि0 / शिक्षक संकुल बजट /** 3911 **/2026–27** दिनांक : 20.8 **2026**

विषयः **न्याय पंचायत स्तर पर गठित 'शिक्षक संकुल' द्वारा शिक्षकों की मासिक बैठक के आयोजन हेतु धनराशि प्रेषण विषयक।**

महोदय / महोदया,

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या–123 / 68–5–2020 दिनांक 17 मार्च, 2020 एवं शासनादेश संख्या–566 / 68–5–2020 दिनांक 23 जून, 2020 द्वारा विद्यालयों को बेहतर प्रदर्शन में सहयोग प्रदान किये जाने तथा न्याय पंचायत स्तर पर विद्यालयों / ब्लॉक / जनपदीय कार्यालयों के मध्य सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु 'शिक्षक संकुल' का गठन किया गया है। तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक–गुण०वि० / शिक्षक संकुल / 3966 / 2020–21 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 द्वारा गुणवत्ता शिक्षा संवर्द्धन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के सुचारू संचालनार्थ 'शिक्षक संकुल' के कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण करते हुये 'शिक्षक संकुल' को न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

2– 'निपुण भारत मिशन' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रदेश में "निपुण भारत मिशन" के प्रभावी कियान्वयन हेतु शासनादेश संख्या–I / 1399412 / 2026, 68–5099 / 497 / 2024–अनुभाग–5(बेसिक शिक्षा) दिनांक 17 जुलाई, 2026 द्वारा निपुण भारत मिशन का परिषदीय विद्यालयों में कक्षा–5 तक विस्तारीकरण करते हुये कक्षावार एवं विषयवार 'लक्ष्य' निर्धारित किये गये हैं, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। तत्क्रम में एजेण्डा आधारित मासिक शिक्षक संकुल की बैठकों हेतु सुसंगत निर्देश निर्गत किये जाते हैं।

3– समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2026–27 में पी0ए0बी0, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Provisions for CRCs के उपमद Contingency Grant के अन्तर्गत प्रदत्त स्वीकृति के कम में संकुल बैठकों के गुणवत्तापूर्ण आयोजन हेतु 'शिक्षक संकुल' के रूप में चयनित शिक्षकों (05) के विद्यालयों में रू0 250/– प्रति शिक्षक संकुल की दर से संकुल के कुल 05 विद्यालयों के विद्यालय प्रबन्ध समिति के खातों में धनराशि का प्रेषण किया जाना है। शिक्षक संकुल बैठकों के आयोजन हेतु जनपदों को निम्नानुसार निर्देश एवं बजट प्रेषित किया जायेगा :–

1. शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए प्रत्येक माह के तृतीय मंगलवार को निर्धारित समय में एजेण्डा बिन्दुओं के अनुसार सुनिश्चित किया जाये।
2. संकुल स्तरीय मासिक बैठक के आयोजन से पूर्व 'शिक्षक संकुल' द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं का परस्पर विभाजन कर यथावश्यक तैयारी की जाये, जिससे कि सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।
3. शिक्षक संकुल बैठकों में रोटेशन के अनुसार समस्त शिक्षकों द्वारा प्रभावी कक्षा–शिक्षण हेतु नवाचारी टी0एल0एम0 एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रस्तुतीकरण किया जाये। बैठकों में विभिन्न विषयों की शिक्षण विधा को प्रभावी व रूचिकर बनाने तथा संबंधित विषयों में शिक्षकों को आ रही चुनौतियों / समस्याओं पर चर्चा की जाये तथा शिक्षक समूह के माध्यम से समाधान खोजने का प्रयास किया जाये।
4. संकुल बैठकों में टीम बिल्डिंग गतिविधियों के आयोजन हेतु आवश्यक स्टेशनरी यथा–चार्ट पेपर, पेन, पेंसिल, रबर, कलर्स, फोटो कॉपी तथा आवश्यकतानुसार प्रस्तुतीकरण संबंधी सामग्री के प्रिन्ट आदि की व्यवस्था की जाये।
5. शिक्षकों को दीक्षा, पी0एम0ई0 विद्या चैनल तथा यू–ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे शैक्षणिक वीडियोज का अवलोकन, अध्ययन तथा यथावश्यकतानुसार शिक्षण में उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।
6. समस्त शिक्षकों को '**निपुण प्लस ऐप**' के माध्यम से विद्यार्थियों का आकलन किये जाने के लिये प्रोत्साहित किया जाये।

7. राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत KPIs के क्रम में प्राचार्य, डायट, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0, डायट मेंटर्स एवं अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) द्वारा संकुल बैठकों में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये।
8. समस्त शिक्षक संकुल द्वारा छात्र उपस्थिति में वृद्धि हेतु समय–समय पर डोर–टू–डोर कैम्पेन का आयोजन किया जाये। डोर–टू–डोर अभियान के दौरान शिक्षक संकुल ऐसे अभिभावकों के घर पर अवश्य भ्रमण (Home Visits) करें, जिनके बच्चे नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। शिक्षक संकुल द्वारा अभिभावकों को अपने बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिये अभिप्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाये।
9. शिक्षक संकुल बैठकों में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुये सम्मानित किया जाये।
10. संकुल बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रेरणा ऐप पर दिये गये **डी0सी0एफ0** को भरते हुए आयोजित बैठक की सूचना से राज्य परियोजना कार्यालय को अवगत कराया जाये।

**वित्तीय प्राविधान :–**

समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2026–27 में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में Provisions for CRCs के उपमद Contingency Grant के अन्तर्गत प्रति शिक्षक संकुल को रू0 250/– की दर से 09 माह के लिये जनपदों को **कुल धनराशि रू0 928.01250 लाख** की लिमिट निम्नांकित विवरणानुसार जारी की जायेगी :–

| **2026-27 Release Budget for Shikshak Sankul Monthly Meeting** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ***Released Head & Component Code*** | | *Major component : Quality Interventions* | | | | | |
| | | *Sub component : Academic support through BRC/URC/CRC* | | | | | |
| | | *Acitivity : Provisions for CRCs* | | | | | |
| | | *Sub Activity : Contingency Grant* | | | | | |
| | | *Component Code : F.01.23..02.02, Contingency Grant [UP]* | | | | | |
| | | | | | | | **(In lakh)** |
| **S.N.** | **District** | **Recommended Budget** | | **Release Budget** | | | **Remaining Budget** |
| | | | | **No. of CRC** | **Rs. 1250/Month (Rs. 250*5 Shikshak Sankul)** | **Released Budget for 9 Months, Col 7= (6* 9 Months)** | |
| | | **Phy** | **Fin** | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | AGRA | 117 | 29.250 | 117 | 1.46250 | **13.16250** | 16.08750 |
| 2 | ALIGARH | 123 | 30.750 | 123 | 1.53750 | **13.83750** | 16.91250 |
| 3 | PRAYAGRAJ | 221 | 55.250 | 221 | 2.76250 | **24.86250** | 30.38750 |
| 4 | AMBEDKAR NAGAR | 113 | 28.250 | 113 | 1.41250 | **12.71250** | 15.53750 |
| 5 | AMETHI | 99 | 24.750 | 99 | 1.23750 | **11.13750** | 13.61250 |
| 6 | AURAIYA | 78 | 19.500 | 78 | 0.97500 | **8.77500** | 10.72500 |
| 7 | AZAMGARH | 279 | 69.750 | 279 | 3.48750 | **31.38750** | 38.36250 |
| 8 | BAGHPAT | 47 | 11.750 | 47 | 0.58750 | **5.28750** | 6.46250 |
| 9 | BAHRAICH | 137 | 34.250 | 137 | 1.71250 | **15.41250** | 18.83750 |
| 10 | BALLIA | 164 | 41.000 | 164 | 2.05000 | **18.45000** | 22.55000 |
| 11 | BALRAMPUR | 102 | 25.500 | 102 | 1.27500 | **11.47500** | 14.02500 |
| 12 | BANDA | 72 | 18.000 | 72 | 0.90000 | **8.10000** | 9.90000 |
| 13 | BARABANKI | 137 | 34.250 | 137 | 1.71250 | **15.41250** | 18.83750 |
| 14 | BAREILLY | 146 | 36.500 | 146 | 1.82500 | **16.42500** | 20.07500 |
| 15 | BASTI | 140 | 35.000 | 140 | 1.75000 | **15.75000** | 19.25000 |
| 16 | BHADOHI | 80 | 20.000 | 80 | 1.00000 | **9.00000** | 11.00000 |
| 17 | BIJNOR | 131 | 32.750 | 131 | 1.63750 | **14.73750** | 18.01250 |
| 18 | BUDAUN | 137 | 34.250 | 137 | 1.71250 | **15.41250** | 18.83750 |
| 19 | BULANDSHAHR | 154 | 38.500 | 154 | 1.92500 | **17.32500** | 21.17500 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | CHANDAULI | 103 | 25.750 | 103 | 1.28750 | **11.58750** | 14.16250 |
| 21 | CHITRAKOOT | 49 | 12.250 | 49 | 0.61250 | **5.51250** | 6.73750 |
| 22 | DEORIA | 177 | 44.250 | 177 | 2.21250 | **19.91250** | 24.33750 |
| 23 | ETAH | 71 | 17.750 | 71 | 0.88750 | **7.98750** | 9.76250 |
| 24 | ETAWAH | 76 | 19.000 | 76 | 0.95000 | **8.55000** | 10.45000 |
| 25 | AYODHYA | 131 | 32.750 | 131 | 1.63750 | **14.73750** | 18.01250 |
| 26 | FARRUKHABAD | 88 | 22.000 | 88 | 1.10000 | **9.90000** | 12.10000 |
| 27 | FATEHPUR | 133 | 33.250 | 133 | 1.66250 | **14.96250** | 18.28750 |
| 28 | FIROZABAD | 81 | 20.250 | 81 | 1.01250 | **9.11250** | 11.13750 |
| 29 | GAUTAM BUDDHA NAGAR | 37 | 9.250 | 37 | 0.46250 | **4.16250** | 5.08750 |
| 30 | GHAZIABAD | 26 | 6.500 | 26 | 0.32500 | **2.92500** | 3.57500 |
| 31 | GHAZIPUR | 194 | 48.500 | 194 | 2.42500 | **21.82500** | 26.67500 |
| 32 | GONDA | 167 | 41.750 | 167 | 2.08750 | **18.78750** | 22.96250 |
| 33 | GORAKHPUR | 192 | 48.000 | 192 | 2.40000 | **21.60000** | 26.40000 |
| 34 | HAMIRPUR | 60 | 15.000 | 60 | 0.75000 | **6.75000** | 8.25000 |
| 35 | HAPUR | 49 | 12.250 | 49 | 0.61250 | **5.51250** | 6.73750 |
| 36 | HARDOI | 192 | 48.000 | 192 | 2.40000 | **21.60000** | 26.40000 |
| 37 | HATHRAS | 65 | 16.250 | 65 | 0.81250 | **7.31250** | 8.93750 |
| 38 | JALAUN | 82 | 20.500 | 82 | 1.02500 | **9.22500** | 11.27500 |
| 39 | JAUNPUR | 219 | 54.750 | 219 | 2.73750 | **24.63750** | 30.11250 |
| 40 | JHANSI | 66 | 16.500 | 66 | 0.82500 | **7.42500** | 9.07500 |
| 41 | AMROHA | 49 | 12.250 | 49 | 0.61250 | **5.51250** | 6.73750 |
| 42 | KANNAUJ | 82 | 20.500 | 82 | 1.02500 | **9.22500** | 11.27500 |
| 43 | KANPUR DEHAT | 110 | 27.500 | 110 | 1.37500 | **12.37500** | 15.12500 |
| 44 | KANPUR NAGAR | 97 | 24.250 | 97 | 1.21250 | **10.91250** | 13.33750 |
| 45 | KASGANJ | 78 | 19.500 | 78 | 0.97500 | **8.77500** | 10.72500 |
| 46 | KAUSHAMBI | 85 | 21.250 | 85 | 1.06250 | **9.56250** | 11.68750 |
| 47 | LAKHIMPUR KHERI | 157 | 39.250 | 157 | 1.96250 | **17.66250** | 21.58750 |
| 48 | KUSHI NAGAR | 142 | 35.500 | 142 | 1.77500 | **15.97500** | 19.52500 |
| 49 | LALITPUR | 49 | 12.250 | 49 | 0.61250 | **5.51250** | 6.73750 |
| 50 | LUCKNOW | 117 | 29.250 | 117 | 1.46250 | **13.16250** | 16.08750 |
| 51 | MAHARAJGANJ | 103 | 25.750 | 103 | 1.28750 | **11.58750** | 14.16250 |
| 52 | MAHOBA | 40 | 10.000 | 40 | 0.50000 | **4.50000** | 5.50000 |
| 53 | MAINPURI | 81 | 20.250 | 81 | 1.01250 | **9.11250** | 11.13750 |
| 54 | MATHURA | 90 | 22.500 | 90 | 1.12500 | **10.12500** | 12.37500 |
| 55 | MAU | 93 | 23.250 | 93 | 1.16250 | **10.46250** | 12.78750 |
| 56 | MEERUT | 95 | 23.750 | 95 | 1.18750 | **10.68750** | 13.06250 |
| 57 | MIRZAPUR | 106 | 26.500 | 106 | 1.32500 | **11.92500** | 14.57500 |
| 58 | MORADABAD | 60 | 15.000 | 60 | 0.75000 | **6.75000** | 8.25000 |
| 59 | MUZAFFARNAGAR | 75 | 18.750 | 75 | 0.93750 | **8.43750** | 10.31250 |
| 60 | PILIBHIT | 79 | 19.750 | 79 | 0.98750 | **8.88750** | 10.86250 |
| 61 | PRATAPGARH | 172 | 43.000 | 172 | 2.15000 | **19.35000** | 23.65000 |
| 62 | RAE BARELI | 156 | 39.000 | 156 | 1.95000 | **17.55000** | 21.45000 |
| 63 | RAMPUR | 76 | 19.000 | 76 | 0.95000 | **8.55000** | 10.45000 |
| 64 | SAHARANPUR | 115 | 28.750 | 115 | 1.43750 | **12.93750** | 15.81250 |
| 65 | SAMBHAL | 65 | 16.250 | 65 | 0.81250 | **7.31250** | 8.93750 |
| 66 | SANT KABIR NAGAR | 85 | 21.250 | 85 | 1.06250 | **9.56250** | 11.68750 |
| 67 | SHAHJAHANPUR | 123 | 30.750 | 123 | 1.53750 | **13.83750** | 16.91250 |
| 68 | SHAMLI | 39 | 9.750 | 39 | 0.48750 | **4.38750** | 5.36250 |
| 69 | SHRAWASTI | 54 | 13.500 | 54 | 0.67500 | **6.07500** | 7.42500 |
| 70 | SIDDHARTH NAGAR | 154 | 38.500 | 154 | 1.92500 | **17.32500** | 21.17500 |
| 71 | SITAPUR | 220 | 55.000 | 220 | 2.75000 | **24.75000** | 30.25000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | SONBHADRA | 68 | 17.000 | 68 | 0.85000 | **7.65000** | 9.35000 |
| 73 | SULTANPUR | 114 | 28.500 | 114 | 1.42500 | **12.82500** | 15.67500 |
| 74 | UNNAO | 175 | 43.750 | 175 | 2.18750 | **19.68750** | 24.06250 |
| 75 | VARANASI | 110 | 27.500 | 110 | 1.37500 | **12.37500** | 15.12500 |
| | **Grand Total** | **8249** | **2062.250** | **8249** | **103.11250** | **928.01250** | **1134.238** |

उक्त धनराशि संबंधी लिमिट निम्नांकित निर्देशों के अधीन जारी की जायेगी :–

1. **धनराशि का प्रेषण एवं व्यय SNA-SPARSH पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा।**
2. निर्गत की जाने वाली धनराशि **तीन दिवस के अंदर** विद्यालयों के एस0एम0सी0 खाते में अन्तरित की जायेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरन्तर अनुश्रवण करते हुये यह सुनिश्चित किया जायेगा कि निर्गत धनराशि का विद्यालय स्तर पर सम्यक् सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा।
3. जिस मद में धनराशि स्वीकृत की जायेगी, उसी मद में व्यय की जायेगी। मद विचलन मान्य नहीं होगा। इसके लिये भुगतान करते समय बजट शीट में अंकित PFMS Component Code एवं गतिविधि का चयन सावधानी पूर्वक किया जायेगा तथा उल्लिखित मद से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।
4. प्रेषित की जा रही धनराशि का व्यय प्रबन्ध पोर्टल में Provisions for CRCs के उपमद Contingency Grant के अन्तर्गत प्रेषित धनराशि के व्यय का विवरण अंकित किया जायेगा।
5. 'शिक्षक संकुल' के रूप में चयनित शिक्षकों (05) के विद्यालयों में रू0 250/– प्रति 'शिक्षक संकुल' की दर से संकुल के कुल 05 विद्यालयों के विद्यालय प्रबन्ध समिति के खातों में धनराशि का प्रेषण किया जायेगा।
6. स्वीकृत धनराशि का उपभोग अवमुक्त धनराशि के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत बजट के अतिरिक्त देयताओं का सृजन करना वित्तीय अनियमितता माना जायेगा।
7. उक्त धनराशि आवर्तक मद (Recurring Head) के अन्तर्गत निर्गत की जायेगी। अवमुक्त धनराशि का व्यय वित्तीय नियमानुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में मासिक बैठकों के आयोजन हेतु निर्देशानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

उपर्युक्तानुसार निर्देशों का समयबद्ध एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

**भवदीया,**

19/8/26

**(मोनिका रानी)**
**राज्य परियोजना निदेशक**

पृ0 सं0: गुण0वि0/शिक्षक संकुल बजट/ 3911 /2026–27 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
3. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0।
5. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
8. वित्त एवं लेखाधिकारी/सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
9. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
10. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) एवं जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन), समग्र शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

19/8/26

**(मोनिका रानी)**
**राज्य परियोजना निदेशक**